समाचार

वृद्धाश्रम निर्माण कार्य की पूर्णता में देरी पर नाराज हुए आयुक्त

(दी चेतावनी, तत्काल दें कार्य को फायनल टच, अन्यथा होगी कड़ी कार्यवाही)

कोरबा 03 दिसम्बर 2024 –सर्वमंगला मंदिर के समीप बनाए जा रहे वृद्धाश्रम का निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने में हो रही देरी व लेट–लतीफी पर आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण एजेंसी व संबंधित अभियंताओं को कड़ी चेतावनी दी। उन्होने कार्य को तत्काल फायनल टच देने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं त्वरित रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि तय समय में कार्य को फायनल टच नहीं दिया गया तो जवाबदारी तय कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम के अधिकारियों के साथ निगम के निर्माण व विकास कार्यो एवं विकास हेतु प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। यहॉ उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अजीत वसंत के दिशा निर्देश पर सर्वमंगला मंदिर के समीप पूर्व निर्मित भवन में आवश्यक निर्माण कार्य व व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर एक सर्वसुविधायुक्त वृद्धाश्रम का निर्माण कार्य लगभग 01 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से कराया जा रहा है। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने

वृद्धाश्रम निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, उन्होने कार्य प्रगति का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य की पूर्णता में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी जाहिर की, उन्होने संबंधितों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य को तत्काल फायनल टच दें, आवश्यक व्यवस्थाओं को त्वरित रूप से पूरा कराएं, यदि तय समय में कार्य को फायनल टच नहीं दिया गया तो कड़ी कार्यवाही हेतु तैयार रहें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने घंटाघर स्थित चौपाटी, ओपन थियेटर, घंटाघर मैदान, सर्वमंगला छठघाट आदि के साथ बुधवारी, टी.पी.नगर, कोरबा जोन के विभिन्न स्थलों का दौरा कर वहॉ की व्यवस्थाओं तथा साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने स्मृति उद्यान के पीछे स्थित चौपाटी एवं ओपन थियेटर के सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण करते हुए वहॉ पर आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियो को दिए।

इस दौरान निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, अखिलेश शुक्ला एवं एन.के.नाथ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता संतोष रवि, राहुल मिश्रा, यशवंत जोगी, विपिन मिश्रा, विनोद गोंड़ आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।